प्रकाशनार्थ,

4 जून 2023 गोरखपुर ,।

अंजना फाउंडेशन और गुरू श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह जटाशंकर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सृष्टि अग्रवाल और पीयूष मृगवानी जी ने किया जिन्होंने लोगो को रक्तदान शिविर में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया और रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया सृष्टि अग्रवाल और पीयूष मृगवानी जी ने स्वयं रक्तदान कर रक्तदान शिविर को प्रारंभ किया

वहा आभासी रूप से उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल जी ने अंजना फाउंडेशन और रक्तदान शिविर में भाग लिए हुए सभी लोगो का शुभ आशीष दिया और रक्तदान कर रहे लोगो को ब्लड देने से होने वाले फायदों के बारे में समझाया और बताया की 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को इन सभी प्रकार के रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए रक्तदान करने से मोटापा कम होता है ह्रदय जैसे लोगों को कम होने की संभावना रहती है उन्होंने बताया की रक्तदान महादान है

शिविर में उपस्थित गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा जटाशंकर के अध्यक्ष रक्तवीर श्री यशपाल सिंह ने कहा

यह दान करने से मिलने वाली खुशी का वर्णन आप शब्दो में नही कर सकते है

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ ममता जायसवाल ने लोगो को रक्त दान के विषय में फैली गलत भ्रांतियों को दूर किया और लोगो के मन में चल रहे है सभी प्रश्नों का जवाब दिया

इस रक्तदान शिविर मे सौम्या यादव , आशुतोष, पीयूष , सृष्टि और नितिन अग्रवाल के साथ कुल 20 लोगो ने रक्तदान किया

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्नीशियन , अमित मिश्रा , सतीश, बबिता,पंकज एव अखिलेश का सफल योगदान रहा ।।